गृह मंत्रालय

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में दिल्ली सरकार की लगभग ₹1816 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने दिल्लीवासियों को दीपावली और छठ पूजा की अग्रिम बधाई दी

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी 24 वर्षों से सीएम और पीएम के रूप में अहर्निश देश की सेवा कर रहे हैं और स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को साकार करते हुए, सुशासन को जमीन पर उतार रहे हैं

## पिछली सरकार ने कहा था कि वे यमुना को साफ़ कर उसमें डुबकी लगाएँगे, उन्होंने डुबकी नहीं लगाई, दिल्ली वालों ने उन्हें डुबो दिया

## प्रधानमंत्री मोदी जी ने वादा किया था कि 2029 से पहले हम यमुना जी को स्वच्छ करने का काम पूरा कर देंगे

## यमुना जी शुद्धिकरण का प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प राजनीति का नहीं बल्कि यमुना जी के प्रति जनमानस में स्थापित पवित्र स्थान के सम्मान का है

## पिछली सरकार के समय दिल्ली में 65 मीटर ऊँचे कूड़े के पहाड़ थे, लेकिन 1 जनवरी 2028 तक दिल्ली कूड़े के पहाड़ से मुक्त हो जाएगी

## मोदी सरकार की योजनाओं को विपक्षी पार्टी की सरकार दिल्ली में रोक कर बैठी थी, दिल्ली में हमारी सरकार बनते ही ये योजनाएँ लागू हुईं

प्रविष्टि तिथि: 09 OCT 2025 8:29PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में दिल्ली सरकार की लगभग ₹1816 करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने दिल्लीवासियों को दीपावली

और छठ पूजा की अग्रिम बधाई दी।




अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हाल ही में श्री नरेन्द्र मोदी जी ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में लगातार काम करते हुए 24 वर्षों की यात्रा पूरी की है।प्रधानमंत्री मोदी जी के रूप में देश में पहला व्यक्तित्व ऐसा है जो लगातार 24 साल के लंबे समय से एक बड़े राज्य के मुख्यमंत्री और फिर महान भारत के प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इन 24 साल में अपने शासन के दौरान अनेक नई शुरूआत की जिनसे हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों के स्वप्नों को पूरा करने की नींव डालने का काम हुआ है। उन्होंने कहा कि देश में सुशासन को ज़मीन पर उतारने का काम हमारे नेता और प्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश को सुरक्षित करने, अर्थतंत्र को आगे बढ़ाने और 2047 में देश की आज़ादी की शताब्दी के समय हर क्षेत्र में देश को सर्वप्रथम बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्मदिन के दिन सेवा पखवाड़ा शुरू हुआ था और उस दिन भी दिल्ली में 1700 करोड़ रूपए से अधिक की 17 परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन हुआ था। आज जब सेवा पखवाड़ा समाप्त हो रहा है तब भी 1800 करोड़ रूपए की लागत वाली 11 योजनाओं का लोकार्पण और 8 योजनाओं का शिलान्यास हो रहा है।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज के कार्यक्रम का एक अलग महत्व भी है क्योंकि इसमें शुरू हुए लगभग 80 प्रतिशत काम यमुना जी को निर्मल बनाने की योजनाओं के साथ जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली की जनता ने परिवर्तन को चुना तब प्रधानमंत्री मोदी जी ने कहा था कि हमारी सरकार की प्राथमिकता में सर्वोच्च स्थान पर मां यमुना को शुद्ध करना है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने वादा किया था कि हम 2029 से पहले यमुना जी को स्वच्छ करने का काम पूरा कर देंगे। भ्रष्टाचार कम करने और विज्ञापनों पर कम पैसा खर्च करने मात्र से ही यमुना जी का शुद्धिकरण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज यमुना जी के शुद्धिकरण और साफ यमुना के स्वप्न को साकार करने का रास्ता प्रशस्त हो चुका है। श्री शाह ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में अगले 7 महीनों में प्रयागराज तक यमुना जी को स्वच्छ करने की कार्ययोजना बन चुकी है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने कहा था कि वे यमुना को साफ कर उसमें डुबकी लगाएँगे, उन्होंने डुबकी नहीं लगाईं, दिल्ली वालों ने उन्हें डुबो दिया।



केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यमुना के शुद्धिकरण का प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प राजनीति नहीं बल्कि यमुना जी के प्रति जनमानस में स्थापित पवित्र स्थान का सम्मान करने का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 15 साल और 11 साल रही पिछली सरकारों के शासन में दिल्ली की जनता विकास से महरूम रही है लेकिन हमारी सरकार 5 साल में ही हमारी राजधानी को पूरी दुनिया में विकास के कारण प्रसिद्ध करने के संकल्प के साथ काम कर रही है।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने नवरात्रि के पहले दिन ही 395 से अधिक चीज़ों की GST दरों में कमी कर या तो उन्हें शून्य या 5 प्रतिशत कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले बजट में 12 लाख रूपए तक की आय पर शून्य आयकर कर दिया गया। इन दोनों पहल को एक साथ देखें तो जनता को लगभग ढाई लाख करोड़ रूपए की बचत हुई है। श्री शाह ने कहा कि यह परिवर्तन इसीलिए संभव हुआ है कि लगातार तीसरी बार देश की जनता ने श्री नरेन्द्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाया है।



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार के शासन में दिल्ली में कूड़े के पहाड़ 65 मीटर तक ऊंचे हो गए थे। उन्होंने कहा कि 1 जनवरी, 2028 को दिल्लीवासियों कूड़े का पहाड़ नहीं दिखेगा बल्कि उन स्थानों पर सुंदर बगीचे का निर्माण शुरू हो जाएगा। श्री शाह ने यह भी कहा कि 2015 से प्रधानमंत्री मोदी जी ने दिल्ली की जनता को जिन भी योजनाओं का लाभ पहुंचाना चाहा, दिल्ली की पिछली सरकार उन्हें रोक कर बैठी रही। प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा 5 लाख रूपए तक के मुफ्त इलाज की योजना के फायदे को पिछली सरकार ने लागू नहीं होने दिया और दिल्ली की जनता को इसका लाभ नहीं मिल सका।

श्री अमित शाह कहा कि दिल्ली में हमारी सरकार आते ही पहले सप्ताह में ही दिल्ली में आयुष्मान योजना को लागू कर दिया गया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार द्वारा खोले गए 57 मोहल्ला क्लीनिक्स में ग्लूकोमीटर ही नहीं थे, 45 में एक्स-रे मशीन नहीं थीं, 21 में पल्स नापने की व्यवस्था नहीं थी और 38 क्लीनिक्स में थर्मोमीटर तक नहीं था। ऐसे मोहल्ला क्लीनिक में किसी का इलाज नहीं हो सकता। श्री शाह ने कहा कि पिछली सरकार ने 11 साल में मोहल्ला क्लीनिक, सीएनजी, शराब, विज्ञापन, दवा, क्लासरूम, दिल्ली जल बोर्ड, शीशमहल, सीसीटीवी और पैनिक बटन जैसे कई घोटाले किए। गृह मंत्री ने कहा कि केन्द्र में पिछली सरकार ने भी 12 लाख करोड़ रूपए के घपले-घोटाले किए थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी के 11 साल के शासन में एक भी आरोप नहीं लगा है। उन्होंने कहा कि यही बताता है कि हमारी सरकारें जनता को समर्पित सरकारें होती हैं।

*****

**आरके / वीवी / आरआर / पीआर**

(रिलीज़ आईडी: 2177044) आगंतुक पटल : 395
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English